**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 07.09.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

केंद्र सरकार ने कहा है कि वस्तु और सेवाकर– जीएसटी में व्यापक सुधार से सहकारी क्षेत्र मज़बूत होंगे, उत्पाद प्रतिस्पर्धी बनेंगे, उत्पादों की माँग बढ़ेगी और सहकारी समितियों की आय में वृद्धि होगी। सहकारिता मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी सुधार से ग्रामीण उद्यमिता और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सहकारी समितियों को प्रोत्साहन मिलेगा और लाखों परिवारों के लिए आवश्यक वस्तुओं तक किफ़ायती पहुंच सुनिश्चित होगी।

***************************

केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरों में बड़ा बदलाव करते हुए आम उपभोक्ताओं, व्यापारियों और उद्योग जगत को राहत दी है। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स समेत विभिन्न संगठनों ने इस फैसले का स्वागत किया है।

***************************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। जिले के कोल्हान जंगल में पुलिस और भाकपा माओवादियों के बीच आज सुबह हुए मुठभेड़ में एक नक्सली कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन मारा गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारा गया नक्सली कमांडर पर 10 लाख का इनाम था। उन्होंने बताया कि यह मुठभेड़ गोईलकेरा थाना क्षेत्र के रेला के पास जंगल में हुई। मुठभेड़ के बाद चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सली कमांडर का शव बरामद किया गया है। क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन अभी जारी है।

***************************

**एक भारत श्रेष्ठ भारत** के अंतर्गत कल रांची के राज्य संग्रहालय में शाम 5 बजे से सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता और झारखंड सरकार के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की सहभागिता से होगा। इसके पूर्व आज दोपहर 3 बजे रांची के ऑड्रे हाउस में कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी देने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित होगी।

***************************

भारत में आज और कल की रात पूर्ण चंद्रग्रहण दिखाई देगा, जो पूरे देश में सभी चरणों सहित स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। चंद्रग्रहण का आंशिक चरण रात 9 बजकर 57 मिनट पर शुरू होगा और पूर्ण चरण रात 11 बजे से शुरू होकर 8 सितंबर की रात 12 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगा। इसकी कुल अवधि 3 घंटे 30 मिनट और पूर्ण ग्रहण की अवधि 1 घंटे 23 मिनट की होगी।

***************************

मौसम विभाग अगले तीन घंटों के अंदर चतरा, गढ़वा, गुमला, हजारीबाग, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा जिलों में हल्के से मध्यम स्तर की वर्षा और वज्रपात की संभावना जताई है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा तक हो सकती है। विभाग ने लोगों से सुरक्षित स्थान पर रहने और खुले में खड़े न रहने की अपील की है।

***********************

पुरुष एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप का फाइनल आज शाम भारत और कोरिया के बीच खेला जाएगा। यह मैच बिहार के राजगीर में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। भारतीय टीम एशिया कप तीन बार जीत चुकी है। कोरिया ने पिछली बार यह खिताब जीता था।

********समाप्त********